Regarding need to channelise the water of Udanti river to reservoirs in Deobhog block in Gariaband district of Chhattisgarh-laid

श्री चुन्नीलाल साहू **(महासमुन्द):** छतीसगढ़ के गरियाबंद जिला में विलुप्त हो रहे वन्य प्राणियों की संरक्षण हेतु उदंती नदी के पानी को डायवर्सन करके मैनपुर, देवभोग विकास खण्ड के अंतर्गत गर्मी के दिनों में सूख जाने वाली जलाशयों मे पहुंचाना अति आवश्यक है । वन विभाग द्वारा गर्मी के दिनों में वन्य प्राणियों को पीने की पानी उपलब्ध कराने हेतु उक्त उदंती नदी मे छोटे-छोटे गडढे खोदे जाते है, जिसे स्थानीय बोली में झरिया कहा जाता है । उक्त झरिया मे शिकारियों द्वारा वन्य जीवों के शिकार हेतु जहरीले पदार्थ मिला दिया जाता है और उस जहरीले पानी के पीने से अनेकों वन्य प्राणियों जैसे वन भैंसा, तेंदुआ, मोर आदि की मौत हो जाती है ।

अतएव उक्त नदी से डायवर्सन के माध्यम से सूखे जलाशयों को भरा जावे, ताकि वन्य प्राणी को स्वच्छ पानी पीने हेतु मिल सके और उनकी जान बचाई जा सके । अत: सरकार से गुजारिश है, कि उक्त गंभीर विषय को संज्ञान मे लेकर समस्या के समाधान हेतु शीघ्र विभाग को निर्देशित करने की महान कृपा की जावे ।